an>

Title: Need to release adequate water in Narmada river in Gujarat from Sardar Sarovar dam.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): मेरे गृह राज्य गुजरात में नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर योजना के बनने के बाद और उसका गेट बंद होने से नर्मदा नदी का पानी सूखने लगा है और नर्मदा जिले के गरूडेश्वर स्थान से लेकर नर्मदा नदी के समुद्र मिलने भरूच तक के स्थान पर पानी सूखने लगा है। नर्मदा नदी में पानी के नहीं रहने से मछुआरों का मछली पकड़ने के व्यवसाय लगभग समाप्त हो गए हैं और नर्मदा नदी के किनारे में जो किसान सब्जी उगाता था, पानी न मिलने से उनकी सब्जी की खेती-बाड़ी पर बुरा असर हुआ है। नर्मदा स्थान पर कई धार्मिक स्थान, आश्रम एवं श्मशान हैं। उनके संचालन कार्यों पर बुरा असर पड़ रहा है। कई स्थानों पर पानी के रुक जाने के बाद नदी के उन स्थानों पर प्रदूषण बढ़ा है।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि नर्मदा नदी में प्रवाह को तेज किए जाने हेतु बांध से पानी छोड़ा जाए, जिससे किसानों को पानी मिल सके, मछुआरों का मछली पालन चल सके और मंदिर, आश्रम और शमशान में कार्य समुचित रूप में संचालित हो सके।